राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल की पत्रकार श्री महेश अग्रवाल के निधन पर शोक संवेदना

जयपुर, 22 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दैनिक भास्कर, झांसी के प्रधान सम्पादक श्री महेश अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपनी शोक संवेदना में स्व. अग्रवाल के प्रखर पत्रकारिता व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए कहा कि प्रिंट मीडिया में तकनीक के अधुनातन प्रयोग के साथ समाचारों के संप्रेषण की उनकी गहरी दृष्टि को सदा याद किया जाता रहेगा। उन्होंने स्व. अग्रवाल की पुण्यात्मा को शांति प्रदान करने और उनके परिजनों को यह भारी दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

———